## बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग
## सकारण आदेश

संवेदक Rinki devi (Regd No.-1230213) PAN-BTOPD4632F, W/O-Badrinarayan Bhagat, Vill-Belashpur, PO- ghordihan, P.S.-Karagahar, Dist-Rohtas, Bihar, Pin-821115 द्वारा कार्य प्रमंडल सासाराम–01 के अधीन MR 3054 योजनान्तर्गत पथ निर्माण हेतु आमंत्रित निविदा (**टेन्डर आई0 डी0–128584**) एवं कार्य प्रमंडल सासाराम–02 के अधीन MR 3054 योजनान्तर्गत पथ निर्माण हेतु आमंत्रित निविदा (**टेन्डर आई0 डी0–130460**) में EMD के रूप में SBI सासाराम शाखा से निर्गत एफ0डी0 संख्या–42339675310, 42339468257, 42339469147, 42339470210 एवं 42339471065 समर्पित किया गया।

इसी प्रकार कार्य प्रमंडल सासाराम–01 के अधीन MMGSY(NDB) योजनान्तर्गत आमंत्रित निविदा (**टेन्डर आई0 डी0–129271**) एवं MR3054 योजनान्तर्गत आमंत्रित निविदा (**टेन्डर आई0 डी0–130454**) में संवेदक द्वारा EMD के रूप में एफ0डी0 संख्या–42217610339, 42217610838, 42216835717, 42216835092 एवं 42216836415 समर्पित किया गया।

संवेदक Rinki devi द्वारा अलग–अलग निविदा में EMD के रूप में एक ही एफ0डी0 के आधार पर भाग लिये जाने संबंधी आरोपों के आलोक में कारण पृच्छा की गई।

उक्त के आलोक में संवेदक द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण में उल्लेख किया गया कि कार्य प्रमंडल सासाराम–01 के अधीन MR3054 योजनान्तर्गत टेन्डर आई0 डी0–128584 में समर्पित किया गया एफ0डी0 भूलवश कार्यप्रमंडल सासाराम–01 में ससमय जमा नहीं होने के कारण कार्य प्रमंडल सासाराम–01 से रिलिज कराकर कार्य प्रमंडल सासाराम–02 के अधीन MR3054 योजनान्तर्गत टेन्डर आई0 डी0–130460 में समर्पित किया गया है। इसी प्रकार कार्य प्रमंडल सासाराम–01 के अधीन टेन्डर आई0 डी0–129271 में समर्पित एफ0डी0 कार्य प्रमंडल सासाराम–01 में जमा नहीं करने के कारण पुनः कार्य प्रमंडल सासाराम–01 से रिलिज कराकर टेन्डर आई0 डी0–130454 में समर्पित किया गया।

संवेदक द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण के आलोक में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल सासाराम–01 का पत्रांक 1103 दिनांक 30.05.2025 द्वारा मंतव्य उपलब्ध कराते हुए प्रतिवेदित किया गया कि कार्य प्रमंडल सासाराम–01 के अधीन आमंत्रित निविदा में MR3054 योजनान्तर्गत टेन्डर आई0 डी0–128584 एवं MMGSY(NDB) योजनान्तर्गत टेन्डर आई0 डी0–129271 में संवेदक द्वारा समर्पित एफ0डी0 उनके द्वारा रिलिज नहीं किया गया है और न ही उक्त एफ0 डी0 रिलिज करने हेतु किसी पदाधिकारी को प्राधिकृत किया गया है। साथ ही कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल सासाराम–02 का पत्रांक 599 अनु0 दिनांक 02.06.2025 द्वारा मंतव्य उपलब्ध कराते हुए संवेदक Rinki devi के विरूद्ध बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली की सुसंगत कंडिकाओं के अनुरूप दंड की अनुशंसा की गई है।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में संवेदक Rinki devi (Regd No.- 1230213) PAN No- BTOPD4632F को कार्य प्रमंडल सासाराम–01 के अधीन आमंत्रित निविदा टेन्डर आई0 डी0–**129271** एवं टेंडर आई0 डी0–**130454** में अग्रधन के रूप में एक ही एफ0डी0 का प्रयोग करने तथा सासाराम–01 के अधीन टेन्डर आई0 डी0–**128584** एवं सासाराम–02 के अधीन टेन्डर आई0 डी0–**130460** में अग्रधन के रूप में एक ही एफ0डी0 का प्रयोग किये जाने के कारण बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली 2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) के नियम 11(क)(ix) में विहित प्रावधान के आलोक में 04 (चार) वर्षों के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

14/6/25
(निर्मल कुमार)
अभियंता प्रमुख

P.T.O.

ज्ञापांकः–14 / अ0प्र0–14–09 / 2025 6710 / पटना, दिनांकः– 25.6.25

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, पथ निर्माण विभाग,/भवन निर्माण विभाग / जल संसाधन विभाग / लघु जल संसाधन विभाग / योजना एवं विकास विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास एवं आवास विभाग / उर्जा विभाग / कृषि विभाग / पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना / अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / जल संसाधन विभाग / लघु जल संसाधन विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना / प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

25/6/25
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः– 14 / अ0प्र0–14–09 / 2025 6710 / पटना, दिनांकः– 25.6.25

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव / सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

25/6/25
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः– 14 / अ0प्र0–14–09 / 2025 6710 / पटना, दिनांकः– 25.6.25

प्रतिलिपिः–आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

25/6/25
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः–14 / अ0प्र0–14–09 / 2025 6710 / पटना, दिनांकः– 25.6.25

निबंधित

प्रतिलिपिः–Rinki devi (Regd No.- 1230213) Pan No-BTOPD4632F, W/O-Badrinarayan Bhagat, Vill-Belashpur, PO- ghordihan, P.S.-Karagahar, Dist-Rohtas, Bihar, Pin-821115 को सूचनार्थ प्रेषित।

25/6/25
अभियंता प्रमुख